तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केंद्रीय विद्यालय

## जी.सी. सी.आर.पी.एफ. पिंजौर



### न्यूनतम साझा कार्यक्रम
### समाचार पत्र

जुलाई-सितंबर 2022-23



## प्राचार्य की कलम से

विद्यालय समाचार पत्र । आईना है जोकि बच्चों की विभिन्न रचनात्मक सोच को उजागर करती है इस समाचार पत्र द्वारा बच्चों को अपने रचनात्मक विचारों को साक्षात रुप से प्रदान करने का शुभ अवसर देता है
शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिन से बच्चों में विभिन्न मूल्यों का विकास हो सके । विद्यालय पत्रिका रूपी बगीचे का हर फूल रूपी पन्ना विभिन्न विद्यालय गतिविधियों को अपनी महक के साथ संजोए हुए हैं मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे भी छात्र-छात्राएं अपनी विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियों से विद्यालय को आगे बढ़ाएंगे।

*ललित कुमार गुप्ता*
*प्राचार्य*



## मुख्य अध्यापिका की कलम से

विद्यालय में निरंतर चलने वाली गतिविधियां बच्चों की रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान देती है बच्चे हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने के लिए उत्साहित रहते हैं एवं अपनी प्रतिभा को नया आकार देते हैं

*उपासना नेगी*
*मुख्य अध्यापिका*

# रचनात्मक कोना.....

कल्पना का संसार है
जिज्ञासा का विस्तार है
नई खोज, नई सोच, नया प्रयोग
रचनात्मकता का आधार है
रचनात्मकता एक अलग विचार है



विद्यालय में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अन्तर्गत निपुण मिशन को सफल करने में कक्षा पहली के विद्यार्थी विद्या-प्रवेश के अंतर्गत अपनी कला को निखारते हुए।

# पेड़ पौधों की करो रखवाली,
# तभी आएगी सुन्दर हरियाली

केन्द्रीय विद्यालया जी० सी० सी आर पी एफ में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। जिसमे प्राथमिक विभाग के बच्चों ने विद्यालया के प्रांगण में पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प भी लिया।



## त्यौहार मानव जीवन में आंनद और खुशहाली लाने के लिए ही बने है।




विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक कक्षा 1से 5 तक के छात्रों ने प्रतियोगिता में रंग बिरंगी राखी बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जन्माष्टमी के अवसर पर कक्षा पहली व दूसरी के नौनिहाल राधा-कृष्ण तथा गोप-गोपी की वेशभूषा में तैयार होकर आकर्षण का केंद्र बने हुए थे।



# आओ हर घर तिरंगा फहराए मिलकर सभी आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाए|

आज़ादी का अमृत महोत्सव विद्यालय में मनाया गया|
जिसके अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने
अपने घर में तिरंगा फहराया|
स्वतंत्रता सेनानियों को याद
किया गया तथा विद्यार्थियों को आज़ादी का महत्व
समझाया गया



# प्राचार्य महोदय का स्वागत

विद्यालय में महोदय श्री ललित गुप्ता जी का स्वागत किया गया जिसमें बच्चों ने महोदय जी को गुलदस्ता तथा कार्ड भेंट किए। इसके उपरांत प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।





## गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय।
## बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अध्यापक दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं छात्रों ने शिक्षक दिवस पर स्वयं शिक्षक बनकर कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाली छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर छात्रों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया










# हिन्दी पखवाड़ा




विद्यालय में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया । जिसमें नारा लेखन, सुलेख, शब्द अंताक्षरी व कविता पाठ प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। दिनांक 29/9/2022 को प्राचार्य जी के कर कमलों द्वारा बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।








हिंदी पखवाड़ा

# खिलौना आधारित कार्यशाला ....

खिलौना आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अध्यापिका व प्राथमिक विभाग के अध्यापकों ने भाग लिया।











# आगे बढ़ो और

# बढ़ते ही जाओ



विश्व शांति दिवस 21 सितम्बर को विद्यालय में शावक और बुलबुल खंड द्वारा मनाया गया।जिसमे रैली व मिलकर खेलने वाले खेल खेले गए।



प्रदर्शनी :-

छात्रों द्वारा बेकार की चीजों में से उत्तम चीजे बना कर लाई गई व परियोजना कार्य के अंतर्गत बनवाई गई चीजों की प्रदर्शनी लगयी गई।

# स्वच्छ रखो अपना परिवेश

## जिससे स्वच्छ रहेगा देश






विद्यालय में स्वछता पखवाड़ा मनाया गया।






THIS NEWSLETTER IS A COMBINED EFFORTS OF TEACHERS OF PRIMARY SECTION. THANKS, THESE WERE SOME GLIMPSE OF PRIMARY SECTION OF KV GC CRPF PINJORE

# THANK YOU!